**दिनांक 30.01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में गया जी जिलान्तर्गत बांकेबाजार प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह आवासीय भवन का निर्माण कार्य से प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

**उपस्थिति:-**

(i) **श्री कुमार रवि,** - **अध्यक्ष**
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - **सदस्य**
अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iii) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - **सदस्य**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - **सदस्य**
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - | गया जी जिलान्तर्गत बांके बाजार प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय भवन के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का | - | ₹30,74,17,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025) |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹22,20,32,100/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1100 (नि0)अनु0 दिनांक-13.07.2025) |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹ 22,12,91,647/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - | ₹ 25,18,89,724/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - | पी0आर0संख्या-018801(भ0) 25-26 दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-02.12.2025 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 02.12.2025 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - | 19.12.2025 / 26.12.2025 |
| 9 | निविदा की तिथि | - | 06.01.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - | 07.01.2026 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | - | (1) मे0 संजय कुमार यादव, नियर शिव मंदिर जेल रोड, रामपुर, गया।<br>(2) बी0के0एस0 कंसट्रक्सन, घिटोरनी साउथ, दिल्ली। |

12 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-</u>
<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-</u>

त्रुटि पूर्ण निविदा रहने के कारण इस निविदा को रद्द करते हुए पुनः निविदा करने का निर्णय लिया गया। कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया जी को पुनः निविदा करने हेतु निदेशित किया गया।

E:/V/Block.F.P-3/2026-62

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

इस निविदा में Eproc 2 पर शुद्धि पत्र अपलोड करने की तिथि से न्यूनतम अवधि से कम दिन तक अपलोड रहने के कारण निविदा को त्रुटि पूर्ण मानते हुए पुनः निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**तृतीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 27.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया जी द्वारा निविदा मे शामिल कुल दो निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहृत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहृत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दो निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत् पाया गयाः-

**प्रथम निविदाकार** मे0 संजय कुमार यादव, नियर शिव मंदिर जेल रोड, रामपुर, गया जी द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** बी0के0एस0 कंसट्रक्सन, घिटोरनी साउथ, दिल्ली द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी RCC मद हेतु राशि 2278.765 $M^3$ के विरूद्ध निविदाकार द्वारा मात्र 1907 $M^3$ का अनुभव इस मद में उपलब्ध कराया गया है, जो मांगी गयी आर्हता को पूरा नहीं करता है। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहृत इन्हें तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉसिव''** पाया गया।

इस प्रकार दो निविदाकार में से एक निविदाकार को **''रिसपॉन्सिव''** एवं एक निविदाकार को तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) मे0 संजय कुमार यादव, नियर शिव मंदिर जेल रोड, रामपुर, गया को **सफल** एवं (2) बी0के0एस0 कंसट्रक्सन, घिटोरनी साउथ, दिल्ली को **असफल** घोषित करने की अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

14 **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

विषयांकित कार्य गया जी जिलान्तर्गत बांकेबाजार प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह आवासीय भवन का निर्माण कार्य के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दिनांक-27.01.2026 की बैठक में की गई अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। साथ ही निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-02.02.2026 के पूर्वाहृन 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त

होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेगें।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह0/- | ह0/- | ह0/- | ह0/- |
| **(विकास कुमार पाण्डेय)** | **(मनोज कुमार सिंह)** | **(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)** | **(कुमार रवि)** |
| आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | मुख्य अभियंता (द0)<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त<br>-सह- विशेष सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। |

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0-03-83/2025 372 (S) पटना/दिनांक 30/01/26

**प्रतिलिपिः**- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

30/01/26

मुख्य अभियंता (द0)।

30.01.2026

E:/V/Block.F.P-3/2026-64